महाराणा प्रताप महाविद्यालय
27/1/23
ग्रन्थालय
जंगल धूसड़, गोरखपुर

# HND 517 / HND 518 / HND 519

## M.A. III$^{rd}$ SEMESTER EXAMINATION, 2022-23

## HINDI

### वैकल्पिक प्रश्न पत्र

**Group-1 : HND 517 – (गोरखनाथ)**
**Group-2 : HND 518 – (कबीरदास)**
**Group-3 : HND 519 – (तुलसीदास)**

## (CBCS MODE)

AFFIX PRESCRIBED RUBBER STAMP

Date (तिथि) : ____________________

**Paper ID**
(To be filled in the OMR Sheet)

**8584**

अनुक्रमांक (अंकों में) :
Roll No. (In Figures)

अनुक्रमांक (शब्दों में) : ____________________

Roll No. (In Words) : ____________________

**Time : 1 Hour** **Max. Marks : 60**
**समय : 1 घण्टा** **अधिकतम अंक : 60**

**नोट : पुस्तिका में 40 प्रश्न दिये गये हैं, सभी प्रश्न करने होंगे। प्रत्येक प्रश्न 1.5 अंक का होगा।**

**Important Instructions :**

1. The candidate will write his/her Roll Number only at the places provided for, i.e. on the cover page and on the OMR answer sheet at the end and nowhere else.

2. Immediately on receipt of the question booklet, the candidate should check up the booklet and ensure that it contains all the pages and that no question is missing. If the candidate finds any discrepancy in the question booklet, he/she should report the invigilator within 10 minutes of the issue of this booklet and a fresh question booklet without any discrepancy be obtained.

**महत्वपूर्ण निर्देश :**

1. अभ्यर्थी अपने अनुक्रमांक केवल उन्हीं स्थानों पर लिखेंगे जो इसके लिए दिये गये हैं, अर्थात् प्रश्न पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ तथा साथ दिये गये ओ०एम०आर० उत्तर पत्र पर, तथा अन्यत्र कहीं नहीं लिखेंगे।

2. प्रश्न पुस्तिका मिलते ही अभ्यर्थी को जाँच करके सुनिश्चित कर लेना चाहिए कि इस पुस्तिका में पूरे पृष्ठ हैं और कोई प्रश्न छूटा तो नहीं है। यदि कोई विसंगति है तो प्रश्न पुस्तिका मिलने के 10 मिनट के भीतर ही कक्ष परिप्रेक्षक को सूचित करना चाहिए और बिना त्रुटि की दूसरी प्रश्न पुस्तिका प्राप्त कर लेना चाहिए।

## GROUP-1 : HND 517 – (गोरखनाथ)

1. गोरखनाथ की रचना नहीं है:

   (A) सबदी

   (B) साखी

   (C) पद

   (D) इनमें से कोई नहीं

2. गोरखनाथ की रचना है:

   (A) रोमावली

   (B) गीतावली

   (C) कवितावली

   (D) उपर्युक्त सभी

3. 'प्रांण संकली' रचना है:

   (A) गोरखनाथ की

   (B) अवेद्यनाथ की

   (C) दिग्विजयनाथ की

   (D) योगी आदित्यनाथ की

4. 'कोई वादी कोई विवादी, जोगी का वाद न करना' पंक्ति है:

   (A) सरहपा की

   (B) मत्स्येन्द्र नाथ की

   (C) जालंधर नाथ की

   (D) गोरखनाथ की

5. 'गोरखबानी' के सम्पादक है:

(A) पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) नामवर सिंह

(D) इनमें से कोई नहीं

6. गोरखनाथ के गुरू का नाम है:

(A) कण्हपा

(B) जालंधर नाथ

(C) मत्स्येन्द्र नाथ

(D) इनमें से कोई नहीं

7. 'गोरखनाथ अपने युग के सबसे बड़े धर्म नेता थे। उनकी संगठन शक्ति अपूर्व थी। उनका व्यक्तित्त्व धर्म गुरू का था।' कथन है:

(A) नामवर सिंह

(B) शुकदेव सिंह

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

8. 'गोरखनाथ ने निर्मम हथौड़े की चोट से साधु और गृहस्थ दोनों की कुरीतियों को चूर्ण–विचूर्ण कर दिया।' कथन है:

(A) रामविलास शर्मा का

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(C) नामवर सिंह का

(D) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

9. 'कौल ज्ञान निर्णय' के सम्पादक है:

(A) डॉ० प्रबोधचन्द्र बागची

(B) डॉ० पीताम्बर दत्त बड़थ्वाल

(C) डॉ० हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) इनमें से कोई नहीं

10. 'तंत्रालोक' रचना है:

(A) आचार्य अभिनवगुप्त की

(B) मत्स्येन्द्र नाथ की

(C) गोरखनाथ की

(D) इनमें से कोई नहीं

11. सही सुमेल है:

(A) नाथ संप्रदाय – हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) गोरखनाथ और उनका युग– रामविलास शर्मा

(C) गारेखबानी – नामवर सिंह

(D) इनमें से कोई नहीं

12. 'गोरखनाथ एण्ड दि कनफटा योगीज' पुस्तक के लेखक है:

(A) रांगेय राघव

(B) ब्रिग्स

(C) गोविन्द रजनीश

(D) इनमें से कोई नहीं

13. 'गोरखनाथ और उनका युग' पुस्तक है:

(A) रामविलास शर्मा की

(B) योगी आदित्यनाथ की

(C) महन्त अवेद्यनाथ की

(D) रांगेय राघव की

14. गोरखनाथ की रचना है:

(A) गोरक्ष पद्धति

(B) गोरक्ष शतक

(C) सिद्ध सिद्धांत पद्धति

(D) उपर्युक्त सभी

15. गोरखनाथ के रूपक हैं:

(A) गगन शिखर

(B) शून्य

(C) अम्बर

(D) उपर्युक्त सभी

16. 'ब्रह्मरंध्र' के लिए गोरखनाथ का रूपक है:

(A) शिवपुरी

(B) मोती

(C) कौआ

(D) इनमें से कोई नहीं

17. गोरखनाथ ने 'मोती' रूपक का प्रयोग किया है:

(A) 'ज्ञान' के अर्थ में

(B) 'मन' के अर्थ में

(C) 'अमृत' के अर्थ में

(D) 'कुंडलिनी' के अर्थ में

18. सही सुमेल है:

| | गोरखनाथ के रूपक | अर्थ |
|---|---|---|
| (A) | गाय | आत्मा |
| (B) | चीता | काल |
| (C) | मूसा | गुरू |
| (D) | समुद्र | माया |

19. गोरखनाथ की रचना है:

(A) काफिर बोध

(B) अवलिसिलूक

(C) नवग्रह

(D) उपर्युक्त सभी

20. 'लंका छाडि पलंका जाइबा।' छन्द का अर्थ है:

(A) आत्मस्वरूप का ज्ञान

(B) अत्याचारियों की नगरी से दूर रहना चाहिये

(C) लंका में सुख है

(D) नासमझ

21. 'गोरखनाथ एण्ड मिडिवियल हिंदू मिस्टिसिज्म' पुस्तक के लेखक हैं:

(A) डॉ० मोहन सिंह

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

(C) ब्रिग्स

(D) इनमें से कोई नहीं

22. शिव द्वारा प्रवर्तित प्रथम संप्रदाय है:

(A) भुज के कण्ठर नाथी

(B) पागलनाथ

(C) रावल सम्प्रदाय

(D) इनमें से कोई नहीं

23. पंख या पंक से संबद्ध सम्प्रदाय माने जाते हैं:

(A) सतनाथ

(B) धर्मनाथ

(C) गरीबनाथ

(D) उपर्युक्त सभी

24. कौल मार्ग के प्रवर्तक माने जाते हैं:

(A) मत्स्येन्द्र नाथ

(B) गोरखनाथ

(C) चाँदनाथ

(D) उपर्युक्त सभी

25. कौल साधक का प्रधान कर्त्तव्य है:

(A) जीवनशक्ति कुण्डलिनी को उद्‌बुद्ध करना

(B) योग एवं भोग को एक साथ प्राप्त करना

(C) भक्ति भाव रखना

(D) उपर्युक्त सभी

26. कौल साधना का लक्ष्य है:

(A) शिव–शक्ति का मिलन

(B) शिव–शक्ति का सामरस्य परम आनन्द है

(C) परमशिव से चैतन्य एवं कुण्डलिनी से शक्ति प्राप्त करना

(D) उपर्युक्त सभी

27. जालंधरनाथ के शिष्य हैं:

(A) कृष्णपाद या कण्हपा

(B) निवृत्तिनाथ

(C) ज्ञाननाथ

(D) इनमें से कोई नहीं

28. कापालिक मत से सम्बन्धित हैं:

(A) कृष्णपाद

(B) अवेद्यनाथ

(C) दिग्विजयनाथ

(D) इनमें से कोई नहीं

29. कापालिक मत की मान्यता है:

(A) परमशिव ज्ञेय हैं

(B) परमशिव ही उपास्य है

(C) शक्ति से रहित शिव शव के समान हैं

(D) उपर्युक्त सभी

30. गोरखनाथ का योगदान है:

(A) योगमार्ग को व्यवस्थित रूप देने में

(B) शैव प्रत्यभिज्ञा दर्शन के आलोक में कायायोग के साधनों को व्यवस्थित रूप देने में

(C) लोकभाषा को अपने उपदेशों का विषय बनाने में

(D) उपर्युक्त सभी

31. 'अमरौघशासनम्' रचना है:

(A) गोरखनाथ

(B) कृष्णपाद

(C) घोड़ा चूलीनाथ

(D) उपर्युक्त सभी

32. 'महार्थ मंजरी' रचना है:

(A) जालंधरनाथ

(B) मत्स्येन्द्रनाथ

(C) गोरखनाथ

(D) इनमें से कोई नहीं

33. गोरखनाथ की रचना नहीं है:

(A) योग चिन्तामणि

(B) योग बीज

(C) योग मार्तण्ड

(D) योगवाणी

34. हठयोग में योग का चरम लक्ष्य है:

(A) शिव से समरस कराना

(B) आसन करना

(C) प्राणायाम करना

(D) धौति कर्म

35. षटकर्म में सम्मिलित है:

(A) धौति

(B) बस्ति

(C) नेति

(D) उपर्युक्त सभी

36. षटचक्र में सम्मिलित हैं:

(A) स्वाधिष्ठान चक्र

(B) मणिपूरक चक्र

(C) अनाहत चक्र

(D) उपर्युक्त सभी

37. 'हठयोग' में माना जाता है:

(A) हकार सूर्य का वाचक

(B) सकार चन्द्रमा का वाचक

(C) उपर्युक्त दोनों का योग ही हठयोग है।

(D) उपर्युक्त सभी

38. गोरखनाथ की साधना में पिण्ड ब्रह्माण्डैक्य की प्राप्ति होती है:

(A) वेद पाठ से

(B) ज्ञान से

(C) वैराग्य से

(D) गुरू की कृपा से

39. नाथ साधना की मान्यता है:

(A) समस्त सृष्टि के मूल में ओंकार है

(B) नाथ ही एकमात्र शुद्धआत्मा है

(C) नाथ स्वरूप में अवस्थान ही मुक्ति है

(D) उपर्युक्त सभी

40. तिब्बती परम्परा के अनुसार गोरखनाथ के गुरुभाई है:

(A) चौरंगीनाथ

(B) चामरीनाथ

(C) दारिपा

(D) विरूपा

*****

## GROUP-2 : HND 518 – (कबीरदास)

1. उत्तर भारत में भक्ति का प्रसार करने का श्रेय किसे प्राप्त है?

   (A) शंकराचार्य

   (B) रामानुजाचार्य

   (C) बल्लभाचार्य

   (D) रामानन्द

2. कुण्डलिनी के उद्‌बुद्ध होने पर जो स्फोट होता है, उसे कहते हैं:

   (A) प्रकाश

   (B) बिन्दु

   (C) नाद

   (D) सिद्धि

3. "धर्म का प्रभाव कर्म, ज्ञान और भक्ति इन धाराओं में चलता है रहता। इन तीनों के सामञ्जस्य से धर्म अपनी पूर्ण सजीव दशा में रहा है। किसी एक के भी अभाव से वह विकलांग रहता है।" यह कथन किस आलोचक का है?

   (A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

   (B) डॉ० नगेन्द्र

   (C) बच्चन सिंह

   (D) नामवर सिंह

4. 'कबीर के निर्गुण पंथ का आधार भारतीय वेदांत और सूफियों का प्रेमतत्त्व है।' यह कथन है:

   (A) नामवर सिंह

   (B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी

   (C) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

   (D) पुरूषोत्तम अग्रवाल

5. "दीपक दीया तेल भरि, बाती दई अघट्ट।
पूरा किया बिसाहूणाँ, बहुरि न आँवौं हट्ट।।"
कबीर की यह बानी किस अंग से ली गई है?

(A) गुरूदेव को अंग से

(B) परचा को अंग से

(C) साधु को अंग से

(D) काल को अंग से

6. "कबीर सूता क्या करै, गुण गोबिन्द के गाइ।
तेरे सिर परि जम खड़ा, खरच कदे का खाइ।।"
यह पंक्ति किस अंग से है?

(A) गुरूदेव को अंग

(B) सुमिरन को अंग

(C) काल को अंग

(D) ज्ञान को अंग

7. "पपीहा ज्यूँ पिव पिव करौं, कबरू मिलहुगे राम" कबीर की इस पंक्ति का भाव है:

(A) आत्मा–परमात्मा के विरह का

(B) गुरू–शिष्य के प्रेम का

(C) जीव और ब्रह्म के मिलन का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

8. 'परचा को अंग' में कबीर ने परिचय कराया है:

(A) शिष्य का गुरू से

(B) जीवात्मा का परमात्मा से

(C) (A) और (B) दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

9. "जब मैं था तब हरि नहीं, अब हरि है मैं नाँहि।
सब अँधियारा मिटि गया, जब दीपक देख्या माँहि।।"
में 'मैं' का अर्थ है:

(A) ज्ञान

(B) प्रेम

(C) अहंकार

(D) भक्ति

10. "मेरा मुझ में कुछ नहीं, जो कुछ है सो तेरा।
तेरा तुझको सौंपता, क्या लागै है मेरा।।"
कबीर की यह पंक्ति किस अंग की है?

(A) साधु को अंग

(B) रस को अंग

(C) सहज को अंग

(D) निहकर्मी पतिव्रता को अंग

11. हजारी प्रसाद द्विवेदी की पुस्तक है:

(A) अकथ कहानी प्रेम की

(B) कबीर मीमांसा

(C) कबीर

(D) कबीर: एक नई दृष्टि

12. "यहु ऐसा संसार है, जैसा सैबल फूल।
दिन दस के व्योहार को, झूठे रंगि न भूल में।।"
कबीर दास ने किसका वर्णन किया है?

(A) संसार की निस्सारता का

(B) व्यक्ति की निस्सारता का

(C) ब्रह्म की निस्सारता का

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

13. "घर जालौं घर उबरे, घर राखौं घर जाइ।

एक अचंभा देखिया, मड़ा काल कौं खाइ।।"

इस पंक्ति में 'घर' का अर्थ है:

(A) ज्ञान

(B) माया और मोह

(C) प्रेम

(D) भक्ति

14. भक्ति आन्दोलन की विशेषता नहीं है

(A) जाति–पाति का विरोध

(B) ईश्वर के प्रति आस्था

(C) गुरू का तिरस्कार

(D) मुक्ति की आकांक्षा

15. निर्गुण–सगुण में वैषम्य का आधार है:

(A) अवतारवाद–लीलावाद

(B) गुरू के प्रति दृष्टि

(C) भक्ति भावना

(D) संसार से मुक्ति

16. निर्गुण–सगुण में साम्य का आधार नहीं है:

(A) गुरू के प्रति दृष्टि

(B) सांसारिक बन्धनों से मुक्ति

(C) सत्–रज्–तम् गुण से युक्त होना

(D) उपर्युक्त सभी

17. कबीर ने परम तत्त्व को कहा है:

(A) दशरथ सुत

(B) निर्गुण राम

(C) माया

(D) उपर्युक्त सभी

18. कबीरदास ने किस भक्ति को विग्रह के लिए आवश्यक माना है:

(A) अर्चन

(B) वन्दन

(C) पादसेवन

(D) भावभगति

19. 'भाषा पर कबीर का जबरदस्त अधिकार था। वे वाणी के डिक्टेटर थे।' यह कथन है:

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(B) आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) नामवर सिंह का

(D) डॉ० रामस्वरूप चतुर्वेदी का

20. कबीर की भाषा को 'पंचमेल खिचड़ी' किसने कहा है?

(A) बाबू श्याम सुन्दर दास

(B) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) रामकुमार वर्मा

21. कबीर ने भक्ति की तुलना में किसे तुच्छ बताया है?

(A) ब्रत को

(B) यज्ञ को

(C) दान को

(D) उपर्युक्त सभी को

22. कबीरदास ने अपनी भक्ति को कहा है:

(A) योग भगति

(B) प्रेम भगति

(C) दास्य भगति

(D) दान भगति

23. ''कबीर रेख सिन्दूर की, काजल दिया न जाय।

नैन रमइया रमि रहया, दूजा कहाँ समाय।।''

इस दोहे में भक्ति की स्थिति है:

(A) दुस्साध्य साधना की स्थिति

(B) निष्कामता की स्थिति

(C) अनन्यता की स्थिति

(D) ज्ञान और योग की स्थिति

24. 'वन हण्ड्रेड पोयम्स ऑफ कबीर' लेखक हैं:

(A) रवीन्द्रनाथ टैगोर

(B) श्यामसुन्दर दास

(C) कुमारी इवेलिन अण्डरहिल

(D) डॉ० रामकुमार वर्मा

25. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने रहस्यवाद की कोटियाँ बनाई हैं:

(A) साधनात्मक

(B) भावनात्मक

(C) साधनात्मक एवं भावनात्मक दोनों

(D) उपर्युक्त में से कोई नहीं

26. ''रहस्यवाद एक मनोदशा है, जिसमें हमें ईश्वर का सीधा अव्यवहित, स्पष्ट एवं प्रत्यक्ष प्रातिभज्ञान हो जाता है।'' उक्त परिभाषा किसकी है?

(A) महेन्द्रनाथ सरकार

(B) प्रो० रानाडे

(C) जी० एफ० ई० स्पर्जन

(D) डॉ० दासगुप्त

27. रहस्य साधना में मानसिक स्थिति को लक्षित नहीं किया जाता है:

(A) जागरण की स्थिति

(B) आत्मशुद्धि की स्थिति

(C) पूर्ण ऐक्य की स्थिति

(D) प्रकाशहीनता की स्थिति

28. रामानन्द के शिष्य नहीं हैं:

(A) रैदास

(B) धना

(C) कबीर

(D) सहजोबाई

29. रामानन्द की स्त्री शिष्या हैं:

(A) पद्मावती एवं सुरसरी

(B) सुरसरी एवं सहजोबाई

(C) सहजोबाई एवं दयाबाई

(D) पद्मावती एवं दयाबाई

30. निम्नलिखित में से सत्य कथन है:

(A) संत कवियों ने नाम, शब्द एवं सद्गुरू की महिमा गाई है

(B) संत कवियों ने मूर्तिपूजा का खण्डन नहीं किया।

(C) नानक, दादू पर कबीर का प्रभाव नहीं है।

(D) संत कवियों ने जाति–पाति का समर्थन किया

31. कबीर की मृत्यु मानी गयी:

(A) काशी में

(B) मगहर में

(C) प्रयाग में

(D) उपर्युक्त में से कहीं नहीं

32. सुमेलित नहीं है:

(A) कबीर – जुलाहा

(B) रैदास – नाई

(C) दादू – धूनिया

(D) नामदेव – दरजी

33. असत्य कथन है:

(A) कबीर अहिंसा के पक्षधर थे।

(B) कबीर का पुत्र कमाल उनके सिद्धान्तों का विरोधी था।

(C) बीजक में कबीर की वाणी नहीं है।

(D) कबीर सिकन्दर लोदी के समकालीन थे।

34. सत्य कथन है:

(A) कबीर ने साधना के सभी क्षेत्रों में बाह्याचार का विरोध किया है।

(B) कबीर ने तामसी जीवन पद्धति को महत्त्व दिया

(C) उपर्युक्त दोनों

(D) उपर्युक्त दोनों नहीं

35. कबीर के काव्य की विशेषता नहीं है:

(A) संसार की नश्वरता

(B) अनुभूति

(C) पदों में संगीत तत्त्व की प्रधानता

(D) कबीर ने काव्य रूप सिद्धों और योगियों से प्राप्त नहीं किया।

36. सुमेलित नहीं है:

(A) कबीर मीमांसा – रामचन्द्र तिवारी

(B) बीजक – रामचन्द्र शुक्ल

(C) कबीर – हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) संत कबीर – रामकुमार वर्मा (सम्पादन)

37. निम्नलिखित में से किस पारिभाषिक शब्द का प्रयोग कबीर ने नहीं किया है?

(A) अजपाजाप

(B) सुरति–निरति

(C) उनमन

(D) प्रथम रश्मि

38. सुमेलित नहीं है:

(A) अजपाजाप – नाम–जप की आरम्भिक

(B) अनाहदनाद – कर्णेन्द्रियों से सुनाई पड़ने वाला नाद

(C) उनमन – ईश्वरोन्मुख मन

(D) निरंजन – माया रहित निर्गुण ब्रह्म

39. कबीर ने किस छन्द का प्रयोग नहीं किया?

(A) उपमान

(B) गीता

(C) चौपाई

(D) छप्पय

40. सत्य कथन है:

(A) कबीर के पदों में संगीत तत्व नहीं है।

(B) विचारदास के अनुसार कबीर की भाषा 'ठेठ प्राचीन पूर्वी' नहीं है।

(C) कबीर में क्रियापद कारक–चिह्न आदि कई भाषाओं के मिलते हैं।

(D) उपर्युक्त सभी

*****

## GROUP-3 : HND 519 – (तुलसीदास)

1. 'रामचरितमानस' की भाषा है:

   (A) ब्रज

   (B) भोजपुरी

   (C) अवधी

   (D) मैथिली

2. इनमें से कौन सी रचना काण्डों में विभक्त नहीं है?

   (A) रामचरितमानस

   (B) कवितावली

   (C) विनयपत्रिका

   (D) गीतावली

3. 'खेती न किसान को, भिखारी को न भीख, बलि।'

   बनिक को बनिज, न चाकर को चाकरी।।

   उपर्युक्त पंक्ति किस रचना से सम्बन्धित है:

   (A) कवितावली से

   (B) दोहावली से

   (C) गीतावली से

   (D) विनयपत्रिका से

4. केसव! कहि न जाइ का कहिये।

   देखत तव रचना विचित्र हरि!

   उपर्युक्त पंक्ति है:

   (A) रामचरितमानस से

   (B) दोहावली से

   (C) कृष्णगीतावली से

   (D) विनयपत्रिका से

5. तुलसीदास की कौन सी रचना नीतिकाव्य की श्रेणी में आती है?

(A) दोहावली

(B) गीतावली

(C) कृष्णगीतावली

(D) कवितावली

6. 'विनयपत्रिका' किस प्रकार की रचना है?

(A) नीतिकाव्य

(B) गीतिकाव्य

(C) प्रबंधकाव्य

(D) इनमें से कोई नहीं

7. रामचरितमानस के किस काण्ड में कलिकाल का वर्णन है?

(A) सुंदरकाण्ड

(B) उत्तरकाण्ड

(C) अरण्यकाण्ड

(D) बालकाण्ड

8. तुलसीदास की प्रथम रचना मानी जाती है:

(A) वैराग्य संदीपनी

(B) रामाज्ञाप्रश्न

(C) रामलला नहछू

(D) जानकीमंगल

9. इनमें कौन सी रचना मुक्तक नहीं है?

(A) दोहावली

(B) जानकीमंगल

(C) कवितावली

(D) बरवै रामायण

10. 'ज्योतिष सम्बन्धी' तुलसीदास की रचना है:

(A) विनयपत्रिका

(B) पार्वतीमंगल

(C) रामाज्ञाप्रश्न

(D) गीतावली

11. तुलसीदास भक्तिकाल के किस शाखा के कवि है?

(A) निर्गुण काव्यधारा

(B) रामभक्ति शाखा

(C) संतकाव्य धारा

(D) सूफी काव्यधारा

12. 'बरनाश्रम निज निज धरम बनिरत बेद पथ लोग।'

प्रसिद्ध पंक्ति रामचरितमानस के किस काण्ड से उद्धृत है?

(A) बालकाण्ड

(B) अयोध्याकाण्ड

(C) उत्तरकाण्ड

(D) सुन्दरकाण्ड

13. निम्नलिखित में सही सुमेलित है:

(a) रामचरितमानस – प्रबंधकाव्य
(b) विनयपत्रिका – गीतिकाव्य
(c) गीतावली – मुक्तककाव्य
(d) कवितावली – मुक्तककाव्य

(A) (a) और (b) दोनों

(B) (b) और (c) दोनों

(C) (a) (b) और (c) तीनों

(D) (a) (b) (c) और (d) चारों

14. रामचरितमानस के किस काण्ड में रामराज्य का वर्णन है?

(A) सुन्दरकाण्ड

(B) लंकाकाण्ड

(C) उत्तरकाण्ड

(D) अयोध्याकाण्ड

15. आचार्य रामचन्द्र शुक्ल ने लोकमंगल की साधनावस्था का कवि माना है:

(A) सूरदास को

(B) तुलसीदास को

(C) जायसी को

(D) उपर्युक्त सभी को

16. 'उनका सारा काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है।' तुलसी के विषय में यह कथन किस आलोचक का है?

(A) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(B) रामविलास शर्मा

(C) जार्ज ग्रियर्सन

(D) रामकुमार वर्मा

17. 'विद्या माया' है:

(A) जीव का मोह

(B) बंधन का कारण

(C) मोक्ष का कारण

(D) अज्ञान का कारण

18. अबलौं नसानी, अब न नसैहों।

राम–कृपा भव–निसा सिरानी,

जागे फिरि न डसैह्य।।

उपर्युक्त पंक्ति तुलसीदास के किस ग्रंथ में संकलित है?

(A) रामचरितमानस

(B) विनयपत्रिका

(C) दोहावली

(D) गीतावली

19. तुलसीदास का संबंध किस सम्प्रदाय से है?

(A) अद्वैतवाद

(B) द्वैतवाद

(C) विशिष्टाद्वैतवाद

(D) गौड़ीय सम्प्रदाय

20. "भारत वर्ष का लोकनायक वही हो सकता है जो समन्वय करने का अपार धैर्य लेकर आया हो।" प्रसिद्ध कथन है:

(A) आचार्य रामचन्द्र शुक्ल का

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी का

(C) रामविलास शर्मा का

(D) रामकुमार वर्मा का

21. तुलसीदास के गुरू थे:

(A) बल्लभाचार्य

(B) नाभादास

(C) नरहरिदास

(D) रामानंद

22. "ऐसो को उदार जग माहीं।

बिन सेवा जो द्रवै दीन पर राम सरिस कोउ नाहीं।"

उपर्युक्त पंक्ति उद्धत है:

(A) रामचरितमानस से.

(B) कवितावली से

(C) विनयपत्रिका से

(D) दोहावली से

23. तुलसीदास को हिन्दी का जातीय कवि कहा है:

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) हजारी प्रसाद द्विवेदी ने

(C) डॉ० बच्चन सिंह ने

(D) डॉ० रामविलास शर्मा ने

24. रामचरितमानस के काण्डों का क्रम है:

(A) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, उत्तरकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, अरण्यकाण्ड, लंकाकाण्ड

(B) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरकाण्ड, लंकाकाण्ड

(C) बालकाण्ड, अरण्यकाण्ड, लंकाकाण्ड सुन्दरकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, उत्तरकाण्ड,

(D) बालकाण्ड, अयोध्याकाण्ड, अरण्यकाण्ड, किष्किंधाकाण्ड, सुन्दरकाण्ड, लंकाकाण्ड उत्तरकाण्ड,

25. तुलसीदास को कलिकाल का बाल्मीकि किसने कहा?

(A) नाभादास ने

(B) अयोध्यासिंह उपाध्याय ने

(C) कुंभनदास

(D) मैथिलीशरण गुप्त ने

26. 'गोरख जगायो जोगु भगति भगायो लोगु' यह पंक्ति तुलसीदास की रचना से उद्धत है:

(A) कवितावली से

(B) रामचरितमानस से

(C) जानकीमंगल से

(D) दोहावली से

27. जाऊँ कहाँ तजि चरन तुम्हारे।

काको नाम पतित–पावन जग, केहि अति दीन पियारे।।

उपरोक्त पंक्ति का संबंध है:

(A) बरवै रामायण से

(B) कवितावली से

(C) रामाज्ञा प्रश्न से

(D) विनयपत्रिका से

28. तुलसीदास ने समन्वय किया है:

(A) ज्ञान और भक्ति का

(B) राजा और प्रजा का

(C) शैव और वैष्णव का

(D) उपर्युक्त सभी का

29. तुलसीदास के राम हैं:

(A) मर्यादापुरूषोत्तम

(B) समन्वयवादी

(C) लोकोपकारी

(D) उपर्युक्त सभी

30. तुलसीदास की भक्तिभावना है:

(A) सख्यभाव

(B) दास्यभाव

(C) मार्धुय

(D) वात्सल्य भाव

31. 'अविद्या माया' का संबंध है:

(A) संसार से

(B) मोक्ष से

(C) ज्ञान से

(D) ईश्वर से

32. विनयपत्रिका का मुख्य रस है:

(A) शृंगार रस

(B) करूण रस

(C) शांत रस

(D) हास्य रस

33. 'भक्ति आंदोलन को इसाईयत की देन माना है:

(A) रामचन्द्र शुक्ल ने

(B) जार्ज ग्रियर्सन

(C) हजारी प्रसाद द्विवेदी

(D) डॉ० रामविलास शर्मा

34. सगुण काव्यधारा से संबंधित नहीं है:

(A) तुलसीदास

(B) सुरदास

(C) अग्रदास

(D) दाइदयाल

35. दैहिक दैविक भौतिक तापा।
राम राज नहिं काहुहि ब्यापा।।
उपरोक्त पंक्ति 'रामचरितमानस' के किस काण्ड से उद्धृत है?

(A) बालकाण्ड

(B) अयोध्याकाण्ड

(C) उत्तरकाण्ड

(D) अरण्यकाण्ड

36. रामकाव्य धारा से सम्बन्धित नही हैं:

(A) रामानंद

(B) अग्रदास

(C) तुलसीदास

(D) गुरूनानक

37. तुलसीदास मुगलवंश के किस शासक के समकालीन थे?

(A) बाबर के

(B) हुमायूँ के

(C) अकबर के

(D) जहाँगीर के

38. भक्तिकाल की विशेषताएँ हैं:

(A) गुरू की महत्ता पर जोर देना

(B) भक्ति – भावना

(C) मुक्ति की कामना

(D) उपर्युक्त सभी

39. निर्गुण–सगुण के साम्य का आधार है:

(A) निराकार ब्रह्म की उपासना

(B) गुरू के प्रति पूज्य भाव

(C) साकार ब्रह्म की उपासना

(D) इनमें से कोई नहीं

40. निम्नलिखित में कौन सुमेलित नहीं है?

(A) रामानुजाचार्य – विशिष्टाद्वैतवाद

(B) बल्लभाचार्य – शुद्धाद्वैतवाद

(C) शंकराचार्य – अद्वैतवाद

(D) चैतन्य महाप्रभु – द्वैतवाद

*****